दिनांक 20 अक्टूबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्वच्छ पेयजल प्रदाय करने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बीएसपी प्रबंधन को भेजा पत्र , बीएसपी के जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण, पानी की लैब में होगी जांच, निगमायुक्त ने दिए निर्देश

भिलाई नगर/ बीएसपी क्षेत्र में फिर से गंदा पानी आने की जानकारी मिलते ही निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे बीएसपी के जल शोधन संयंत्र पहुंचे। वहां उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों से जल शुद्धिकरण के पूरे प्रोसेस की जानकारी ली। रॉ वाटर से लेकर क्लियर वॉटर की सप्लाई की पूरी प्रक्रिया से अवगत हुए। उन्होंने निगम के अधिकारियों को रहवासी क्षेत्रों से तथा वाटर फिल्टर प्लांट से सैंपल लेकर लैब में जांच कराने के निर्देश दिए।बीएसपी के अधिकारियों ने निगम आयुक्त को बताया कि नए कॉन्ट्रैक्ट के तहत केम बांड एजेंसी को काम मिला है वह सेटअप तैयार कर रही है जल्द ही केमिकल उपलब्ध हो जाएगी और अति शीघ्र शुद्ध पेयजल प्रदान किया जाएगा। आगे बताया कि जैसे आयन एक्सचेंज की एजेंसी कांस्टेंट डोजिंग पर कार्य कर रही थी , वैसे ही नए एजेंसी से काम कराया जाएगा। बीएसपी के अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि आधुनिक तकनीक से नया फिल्टर प्लांट तैयार किया जाएगा। बीएसपी क्षेत्र में गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर निगम आयुक्त ने बीएसपी प्रबंधन को पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा है कि सेक्टर क्षेत्रों में बीएसपी के जल विभाग द्वारा की जा रही जलापूर्ति के तहत नागरिकों को अविलंब स्वच्छ पेयजल प्रदाय किया जाए , उन्होंने इस संबंध में बीएसपी प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी भी मांगी है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , बीएसपी के जी.एम. उत्पल दत्ता , सी.जी.एम. यू.के. झा, वी.एस. राय, राधिका, निगम उपायुक्त सुनील अग्रहरि, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा प्र. उप अभियंता बसंत साहू इत्यादि मौजूद रहे!

जनसंपर्क अधिकारी